इसी प्रकार 3 पौंडका बल OY की दिशामें −3 पौंडके बल तथा 3.a घूर्णवाले युग्मके बराबर, 5 पौंडका बल OX की दिशामें 5 पौंडके बल −5.a घूर्णवाले युग्मके बराबर तथा 1 पौंडका बल OX की दिशामें 1 पौंडके बल तथा 1.a घूर्णवाले युग्मके बराबर होंगे।

सभी युग्मोंका घूर्ण$=9a+3a-5a+a=8a$

OX तथा OY दिशामें बलोंके अवयव 6 पौंड तथा 6 पौंड हैं, इसलिए परिणामी बल $6\sqrt{2}$ पौंड, AB से $45°$ की दिशामें।

३. प्रश्नावली ८ के प्रश्न २ के चित्रमे यदि AB, BC, CD, DE, EF तथा FA के अनुगत P, 2P, 3P, 4P, 5P तथा 6P बल लगे हों तो

AB के अनुगत बलोंके अवयव

$=P+2P\cos 60°-3P\cos 60°-4P-5P\cos 60°-6P\cos 60°$

$=-3P$

AB के लम्ब दिशामें बलोंके अवयव

$=2P\sin 60°+3P\sin 60°-5P\sin 60°-6P\sin 60°=-3\sqrt{3}P$

$\therefore$ P परिणामी बल $=\sqrt{(-3P)^2+(-3\sqrt{3}P)^2}=6P$

तथा परिणामी बलका AB से कोण $\tan^{-1}(\sqrt{3})=60°$

परिणामी युग्मका घूर्ण = A के सापेक्ष बलोंका घूर्ण

$=2P.\,a\sin 60°+3P.\,2a\sin 60°+4P.\,2a\sin 60°+5P.\,a\sin 60°$

$=\frac{21}{2}\sqrt{3}\,a.P.$, (जहां a समषट्भुजकी भुजा है।)

प्रश्नावली २१. (पृष्ठ १३५-१३९)

१. मान लिया A पर प्रतिक्रिया R के क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर अवयव X तथा Y हैं।

चूंकि AB = 10″, AC = 8″ तथा BC = 6″, $\therefore \angle ACB=90°$

चूंकि छड़ सन्तुलनमें है, इसलिए बलोंको AX तथा AY दिशामें विश्लेषित करनेसे

$$X=T\cos\theta \quad \text{तथा} \quad Y=25-T\sin\theta$$

तथा A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$25\times 4\cos(90°-\theta)=T.8$, $\therefore$ T = 10 पौंड

अब $X=10\times\frac{6}{10}=6$ तथा $Y=25-10.\frac{8}{10}=17$



∴ $R=\sqrt{6^2+(17)^2}=5\sqrt{13}$ पौंड

प्रतिक्रियाकी AB से दिशा $=\tan^{-1}(\frac{17}{6})$.

२. यदि A पर प्रतिक्रिया R के क्षैतिज तथा ऊर्ध्वाधर दिशामें अवयव X तथा Y हों तो चूंकि छड़ सन्तुलनमें है,



$$\therefore \quad X=T \quad \text{तथा} \quad Y=W$$

A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे $W.AG\cos\theta=T\,8$, (जहां θ, छड़का क्षैतिजसे झुकाव है।)

$$\therefore \quad X=\tfrac{1}{8}W.\,5\times\tfrac{6}{10}=\tfrac{3}{8}W$$

अतः $R=\sqrt{(\tfrac{3}{8}W)^2+W^2}=\tfrac{1}{8}\sqrt{73}\,W$

श्रौर ऊर्ध्वाधरसे प्रतिक्रियाकी दिशा

$$=\tan^{-1}(\tfrac{3}{8}W/W)=\tan^{-1}(\tfrac{3}{8}).$$

३. मान लिया डोरीका तनाव T तथा A पर प्रतिक्रिया R के क्षैतिज तथा ऊर्ध्वाधर दिशामें अवयव X तथा Y हैं।

यदि $\angle CAG=\theta$ तो $\cos\theta=\frac{4}{5}$ तथा $\sin\theta=\frac{3}{5}$



चूंकि छड़ सन्तुलनमें है, इसलिए AB के अनुगत तथा लम्ब दिशामें बलोंको विश्लेषित करनेसे

$$Y\cos\theta+X\sin\theta=10\cos\theta+T\cos\theta$$

तथा $$Y\sin\theta+T\sin\theta=X\cos\theta+10\sin\theta$$

इन दोनों समीकरणोंसे

$$X=\tfrac{24}{25}T \quad \text{श्रौर} \quad Y=10+\tfrac{7}{25}T$$

A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$10\times4\sin\theta=T\sin\theta.8, \quad \therefore \quad T=5 \text{ पौंड}$$

$$\therefore \quad X=\tfrac{24}{5} \quad \text{श्रौर} \quad Y=10+\tfrac{7}{5}=\tfrac{57}{5}$$

अतः $$R=\sqrt{(\tfrac{24}{5})^2+(\tfrac{57}{5})^2}=3\sqrt{17} \text{ पौंड}$$

श्रौर ऊर्ध्वाधरसे प्रतिक्रियाकी दिशा $=\tan^{-1}(\frac{24}{57})$.

४. प्रश्नावली १७ के प्रश्न १० की तरह हल कीजिए।

५. प्रश्नावली १७ के प्रश्न ४ की तरह हल कीजिए।

६. यदि प्रश्न २ के चित्रमें B से 40 पौंडका भार और लटका हुं तथा W=10 पौंड और $\angle CAB=60°$ तो A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$10.AG\cos 30°+40.AB\cos 30°=T.AB\cos 60°$$

या $5\sqrt{3}+40\sqrt{3}=T, \quad \therefore \quad T=45\sqrt{3}$ पौंड

७. मान लिया कि भार W तथा तनाव W की क्रियारेखाएं O पर मिलती हैं, अतः प्रतिक्रिया R की भी क्रियारेखा O से होकर जायगी।



A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$W.AG\cos\theta=W.AB\sin\theta, \quad \therefore \quad \tan\theta=\tfrac{1}{2}$$

यदि R क्षैतिजसे ϕ कोण बनाता हो तो बलोंका कब्जेके क्षैतिज ए‹ उर्ध्वाधर तलमें विघटन करनेसे

$$R\cos\phi=W\cos 2\theta=\tfrac{3}{5}W$$

तथा $R\sin\phi=W-W\sin 2\theta=\tfrac{1}{5}W$

$\therefore \quad R=\sqrt{\tfrac{9}{25}W^2+\tfrac{1}{25}W^2}=\tfrac{1}{5}\sqrt{10}W$

तथा $\tan\phi=\tfrac{1}{3}$.

८. मान लिया डोरी BC का तनाव T तथा कोण BAC का मा‹ θ है। चूंकि बल सन्तुलनमें हैं, इसलिए क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर दिशा‹ बलोंका विश्लेषण करनेसे

$$10\cos\theta=T\cos 60° \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(i)$$

तथा $10\sin\theta+T\sin 60°=8+x \quad \ldots\ldots(ii)$

और B के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे $8.AB=10.AB \sin\theta$



$\therefore \quad \sin\theta=\frac{4}{5}$ या $\theta=\sin^{-1}(\frac{4}{5})$

(i) से $T=10\times\frac{3}{5}\times2=12$ पौंड

तथा (ii) से $x=10\times\frac{4}{5}+12\times\sqrt{3}/2-8=6\sqrt{3}$ पौंड

९. मान लिया डोरीका तनाव T है। यदि A तथा B की प्रतिक्रियाएं O पर मिलती हों तो O के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$$W.AG\cos30°=T.AB\sin30°$$

$$\therefore \quad T=\tfrac{1}{2}\sqrt{3}W.$$

१०. मान लिया A तथा B की प्रतिक्रियाएं R तथा S और डोरी का तनाव T है।

यदि $AB=2a$, $AD=\frac{1}{2}a$ तथा $AC=l$ तो चूंकि सीढ़ी सन्तुलनमें है, इसलिए बलोंको क्षैतिज तथा उध्र्वाधर दिशामें विश्लेषित करनेसे

$$S=T \quad \text{तथा} \quad R=3W$$

तथा O के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$$2W.\tfrac{1}{2}a\cos\theta+W.a\cos\theta=T.2a\sin\theta$$

$$\therefore \quad T=W\cot\theta=W\cdot\frac{l}{\sqrt{4a^2-l^2}}=S.$$

११. प्रश्न ६ की तरह हल कीजिए।

१२. यदि डोरीके तनाव P तथा छड़के भार W की क्रियारेखाएं एक दूसरेको O पर काटती हों तो कब्जे A की प्रतिक्रिया भी O से होकर जायगी। यदि छड़ उर्ध्वाधरसे α कोण बनाये तो हमें यह सिद्ध करना है कि

$$\sin\frac{\alpha}{2}=\frac{P}{W}$$

चूंकि $\triangle$ CAO बलोंका त्रिभुज है, इसलिए $\dfrac{W}{AC}=\dfrac{P}{CO}$

परन्तु $\because AC=AB$ तथा $CO=OB$, $\therefore$ AO, CB पर लम्ब है और $\angle CAO=\frac{\alpha}{2}$



$$\therefore \quad \frac{CO}{AC} = \sin\frac{\alpha}{2} = \frac{P}{W}.$$

१३. चूंकि चारों बल सन्तुलनमें हैं, इसलिए $\alpha.AB$ और $\delta.AD$ का परिणामी $(\alpha+\delta)\ AO$ है, जबकि



$$\delta.DO = \alpha.BO \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(i)$$

इसी प्रकार $\beta.CB$ तथा $\gamma.CD$ का परिणामी $(\beta+\gamma)\ CO$ है, जबकि

$$\beta.BO = \gamma.DO \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(ii)$$

$\therefore$ (i) तथा (ii) से $\dfrac{\alpha}{\beta} = \dfrac{\delta}{\gamma}$, $\quad \therefore \quad \alpha.\gamma = \beta.\delta.$

१४. मान लिया कि A पर प्रतिक्रिया R के अवयव X तथा Y हैं। यदि $AC = 2b$, $AB = 2a$, $BD = l$, छड़का उध्र्वाधरसे झुकाव θ तथा $\angle BDE = \phi$ हो तो

$$BC = BD\sin\phi + CD\sin\phi = 2l\sin\phi$$
$$= AB\sin\theta = 2a\sin\theta$$
$$\therefore\quad l\sin\phi = a\sin\theta \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\text{(i)}$$



तथा $AC = AB\cos\theta$ अर्थात् $2b = 2a\cos\theta$

या $b = a\cos\theta$

चूंकि छल्ला, दो बराबरके तनाव T तथा भार W के कारण सन्तुलनमें है, इसलिए $2T\cos\phi = W$.

छड़के सन्तुलनको ध्यानमें रखकर, A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$\lambda.W.a\sin\theta = 2a.T\sin DBA = 2a.T\sin\{(90^\circ-\theta)-(90^\circ-\phi)\}$$
$$= 2a.T\sin(\phi-\theta) = \frac{aW}{\cos\phi}\sin(\phi-\theta)$$

$$\therefore\quad \lambda\cos\phi\sin\theta = \sin(\phi-\theta) = \sin\phi\cos\theta - \cos\phi\sin\theta$$

या $(\lambda+1)\cos\phi\sin\theta = \sin\phi\cos\theta = \frac{a}{l}\sin\theta\cos\theta$

................{(i) से}

या $(\lambda+1)\cos\phi = \frac{a}{l}\cdot\frac{b}{a} = \frac{b}{l}$

$$\therefore\quad (\lambda+1)^2(1-\sin^2\phi) = b^2/l^2$$

या $l^2(\lambda+1)^2\left(1-\frac{a^2}{l^2}\sin^2\theta\right) = b^2$

या $l^2(\lambda+1)^2\left[1-\frac{a^2}{l^2}(1-\frac{b^2}{a^2})\right]=b^2$

$\therefore \quad l^2=a^2-b^2 \cdot \frac{\lambda(\lambda+2)}{(\lambda+1)^2}$.

१५. चूंकि सम्पूर्ण भार को निचले कब्जेकी प्रतिक्रिया साधती है, इसलिए इसका उर्ध्वाधर भाग, फाटकके भारके बराबर होगा और ऊपरी कब्जेकी प्रतिक्रिया केवल क्षैतिज दिशामें होगी जो कि निचले कब्जेकी प्रतिक्रियाके क्षैतिज भागके बराबर होगी। मान लिया यह R है। निचले कब्जे A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$R\times 4=500\times 5, \quad \therefore \quad R=625$ पौंड

१६ तथा १७. प्रश्न १५ की मददसे हल कीजिए।

१८. अनुच्छेद 8.4 में दिये उदाहरणकी तरह हल कीजिए।

१९. मान लिया कि तार ACB धरातलके बिन्दु C पर टिका है



तथा इसकी प्रतिक्रिया R है। चूंकि तार सन्तुलनमें है, इसलिए C के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$P.r \sin\theta = Q.r \sin(\alpha-\theta)$, (जहां r उस चापका अर्द्धव्यास है।)

$$\therefore \quad \tan\theta = \frac{Q \sin\alpha}{P+Q\cos\alpha}.$$

२०. यदि छड़ AB, P बिन्दु पर प्यालेकी परिधिको स्पर्श करता हो तो A तथा P पर की प्रतिक्रियाएं एक दूसरेको, गोले पर स्थित O बिन्दु पर एक दूसरेको काटेंगी। सन्तुलनके लिए यह आवश्यक है कि छड़का गुरुत्व केन्द्र O से खींचे गये उर्ध्वाधर पर हो। यदि यह उर्ध्वाधर प्यालेको E पर काटे तो चूंकि $\angle AEO = 90°$, इसलिए AE क्षैतिज होगी।



$\because \quad \angle PAE = \angle APF = \frac{1}{2}\angle ACF = \frac{1}{2}(\alpha-\beta)$

$\therefore \quad \triangle GAE$ से $AE = AG \cos GAE = AG \cos\frac{1}{2}(\alpha-\beta)$

तथा $\triangle OAE$ से $AE = 2a \sin\beta$

$\therefore \quad AB = 2AG = 4a \sin\beta \sec\frac{1}{2}(\alpha-\beta)$.

२१. दंड AB के सन्तुलनको ध्यानमें रखकर A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$R.\tfrac{1}{2}a \sec\theta = W.a\cos\theta$$

$$\therefore \quad R = 2W\cos^2\theta \quad \text{.......................(i)}$$

दोनों दंडोंका सन्तुलन ध्यानमें रखकर, बलोंका उर्ध्वाधर दिशामें विश्लेषण करनेसे



$$2W = 2R\cos\theta, \quad \therefore \quad R = \frac{W}{\cos\theta} \quad \ldots\ldots\ldots(ii)$$

$\therefore$ (i) तथा (ii) से $2\cos^3\theta = 1$.

२२. यदि R प्रत्येक दंडकी प्रतिक्रिया हो तो बलोंका उर्ध्वाधर दिशामें विश्लेषण करनेसे



$$W = R\cos\beta \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(i)$$

यदि दंडकी लम्बाई $2l$ हो तो एक दंडके लिए A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$R.2l\sin(\alpha-\beta) = W.l\sin\alpha + T.l\cos\alpha$$

$$\therefore \quad T = \frac{2R\sin(\alpha-\beta) - W\sin\alpha}{\cos\alpha}$$

$$=\frac{2W\sin(\alpha-\beta)-W\sin\alpha.\cos\beta}{\cos\alpha.\cos\beta},$$

{(i) का प्रयोग करनेसे}

$$=W(\tan\alpha-2\tan\beta).$$

प्रश्नावली २२. (पृष्ठ १४४-१४५)

१. अनुच्छेद 9.11 में दिये हुए उदाहरणकी तरह हल कीजिए।

२ तथा ३. अनुच्छेद 9.12 में दिये हुए उदाहरणकी तरह हल कीजिए।

४. मान लिया CB तथा CA क्रमशः x तथा y अक्ष हैं। CB, BA, AC के मध्य बिन्दु D, E, F के नियामक क्रमशः (4,0); (4,3); (0,3) हैं तथा शीर्ष C, B, A के नियामक क्रमशः (0,0); (8,0); (0,6) हैं। यदि बलोंके केन्द्रके नियामक $(\bar{x}, \bar{y})$ हों तो अनुच्छेद 9.12 से



$$\bar{x}=\frac{P\times0+2P\times4+P\times8+2P\times4+P\times0+2P\times0}{P+2P+P+2P+P+2P}=\frac{8}{3}''$$

$$\text{तथा } \bar{y}=\frac{P\times0+2P\times0+P\times0+2P\times3+P\times6+2P\times3}{P+2P+P+2P+P+2P}=2''$$

अतः बलोंके केन्द्रकी C से दूरी $=\sqrt{\bar{x}^2+\bar{y}^2}=3\frac{1}{3}$ इंच

५. (क) यदि प्रश्न ४ के चित्रमें A, B, C बिन्दुओं पर समान बल P लगे हों तो B, C पर लगे बलोंका परिणामी 2P होगा जो कि BC के मध्य बिन्दु D पर कार्य करेगा। अब A पर लगे बल P तथा D पर

लगे बल 2P का परिणामी 3P होगा जो कि AD के ऐसे बिन्दुसे होकर जायगा जो कि इसे 2 : 1 के अनुपातमें विभाजित करेगा। अतः बलोंका केन्द्र मध्यगत रेखाओंका छेदन बिन्दु है।

(ख) प्रथम भागकी तरह हल कीजिए।

६. यदि प्रश्न ४ के चित्रमें A, B, C शीर्षों पर ka, kb, kc बल कार्य करते हों तो kb, kc का परिणामी BC के बिन्दु D पर इस प्रकार कार्य करेगा कि BD : DC = c : b.

रेखागणितसे शीर्ष A तथा बिन्दु D को मिलाने वाली रेखा कोण A को समद्विभाजित करेगी।

इसी प्रकार बल ka तथा kb के परिणामीके क्रिया बिन्दुको शीर्ष C से मिलाने वाली रेखा कोण C को समद्विभाजित करेगी।

अतः ka, kb, kc बलोंका कोण A तथा C के समद्विभाजकके कटान बिन्दु अर्थात् अन्तः केन्द्र पर स्थित होगा।

७. चूंकि $\triangle HGA$ तथा $\triangle HBC$ समान हैं।

$$\therefore \quad \frac{AH}{HB}=\frac{GH}{HC}=\frac{AG}{BC}=\frac{1}{2}$$



अतः A तथा B पर लगे समानान्तर बल 2P तथा P का परिणामी 3P, H से होकर जायगा।

परन्तु चूंकि CG = 3GH, इसलिए H पर लगे 3P तथा C पर लगे —P समानान्तर बलोंका परिणामी G से होकर जायगा।

८. प्रश्न ५ (क) में ज्ञात किये हुए उत्तर की यह विपरीत स्थिति है, अतः इस प्रश्नको प्रश्न ५ (क) की मददसे हल कीजिए।

प्रश्नावली २३. (पृष्ठ १४९)

१. चूंकि छड़का भार, छड़के मध्य बिन्दुसे कार्य करेगा, अतः यह सिरेसे 2 फ़ीटकी दूरी पर होगा। यदि गुरुत्व केन्द्रकी सिरेसे दूरी $\bar{x}$ हो तो अनुच्छेद 9.4 से

$$\bar{x}=\frac{1\times0+2\times1+3\times2+3\times2+4\times3+5\times4}{1+2+3+3+4+5}=2\tfrac{5}{9} \text{ फ़ीट}$$

२ तथा ३. प्रश्न १ की तरह हल कीजिए।

४. यदि $AB=BC=CD=x$ तथा गुरुत्व केन्द्र G पर है तो

चूंकि $\dfrac{AG}{GD}=\dfrac{7}{2}$, $\therefore$ $AG=\frac{7}{9}AD=\frac{7}{9}.3x=\frac{7}{3}x$

चूंकि अनुच्छेद 9.4 से



$$AG=\frac{1\times0+4.x+9\times2x+m.3x}{1+4+9+m}$$

$$\therefore\quad (14+m).\tfrac{7}{3}x=x(22+3m),\quad \therefore\quad m=16 \text{ पौंड}$$

प्रश्नावली २४. (पृष्ठ १५३-१५४)

१. यदि x तथा y अक्ष उन रेखाओंको लें जिन पर 10—20 तथा 10—40 सेरके भार लगे हों तथा गुरुत्व केन्द्रके नियामक $(\bar{x}, \bar{y})$ मान लें तो

$$\bar{x}=\frac{10\times0+20\times20+30\times20+40\times0+50\times10}{10+20+30+40+50}=10''$$

तथा $\bar{y}=\dfrac{10\times0+20\times0+30\times20+40\times20+50\times10}{10+20+30+40+50}=\dfrac{38''}{3}$



$\therefore$ गुरुत्व केन्द्रके नियामक $(10, \frac{38}{3})$ हैं।

२. प्रश्न १ की तरह हल कीजिए।

३. यदि वर्गाकार मेज पर रख भारोंके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी दिये हुए किनारोंसे क्रमशः $\bar{x}$ तथा $\bar{y}$ हो तो

$$\bar{x}=\frac{1\times2+2\times4+3\times6+4\times8+5\times10}{1+2+3+4+5}=7\tfrac{1}{3}''$$

तथा $\bar{y}=\dfrac{1\times3+2\times5+3\times7+4\times9+5\times10}{1+2+3+4+5}=8''$

४ तथा ५. अनुच्छेद 9.41 के उदाहरण १ की तरह हल कीजिए।

६. मान लिया अनुच्छेद 9.41 के उदाहरण १ के चित्रमें A, B, C, D, E तथा F पर क्रमशः 1, 2, 1, 4, 10 तथा 4 के भार रखे हैं। यदि षट्भुजके केन्द्रसे जानेवाली OX तथा OY रेखाओंको नियामक अक्ष लें, षट्भुजकी भुजा $=2a$ और गुरुत्व केन्द्रके नियामक $(\bar{x}, \bar{y})$ लें तो

$$\bar{x}=\frac{1.-a+2.a+1.2a+4.a+10.-a+4.-2a}{1+2+1+4+10+4}=-\tfrac{1}{2}a$$

तथा $\bar{y}=\dfrac{1.-a\sqrt{3}+2.-a\sqrt{3}+1.0+4.a\sqrt{3}+10.a\sqrt{3}+4.0}{1+2+1+4+10+4}$

$=\frac{1}{2}a\sqrt{3}$

$\because$ षट्भुजके केन्द्रके नियामक $(0, 0)$ तथा पांचवें भारके नियामक $(-a, a\sqrt{3})$ हैं

∴ केन्द्र और पांचवें भारको मिलाने वाली रेखाके मध्य बिन्दुके नियामक $\{\frac{1}{2}(-a+0), \frac{1}{2}(a\sqrt{3}+0)\}$

अर्थात् $(-\frac{1}{2}a, \frac{1}{2}a\sqrt{3})$ हैं। अत: प्रमेय।

७. मान लिया कि प्रत्येक शीर्ष पर 10 पौंड तथा OA के मध्य बिन्दु D पर 5 पौंडका भार रखा है। O तथा A पर रखे भारोंका परिणामी D से होकर जायगा, जिसका परिमाण 20 पौंड होगा और इस प्रकार D पर 25 पौंड बल कार्य करेगा।



B पर रखे 10 पौंड तथा D पर 25 पौंडके बलका परिणामी 35 पौंड होगा, जिसकी D से दूरी $\frac{10}{35}.BD=\frac{10}{35}\times 5 \sin 60^\circ=\frac{5}{7}\sqrt{3}$ फ़ीट होगी।

८. प्रश्न ७ के चित्रमें मान लिया O, A, B पर क्रमश: 1, 2, 3 पौंड के भार रखे हैं। यदि OA तथा OA पर लम्बको x तथा y अक्ष लें और गुरुत्व केन्द्र $(\bar{x}, \bar{y})$ हो तो

$$\bar{x}=\frac{1\times 0+2\times 6+3\times 3}{1+2+3}=3\tfrac{1}{2}''$$

$$\text{तथा } \bar{y}=\frac{1\times 0+2\times 0+3\times 4}{1+2+3}=2''$$

९. प्रश्नावली २२ के प्रश्न ५ (ख) की तरह हल कीजिए।

१०. मान लिया प्रत्येक भुजाका भार W है। यदि प्रत्येक भुजा

2 फ़ीट हो तथा गुरुत्व केन्द्रके नियामक, AB तथा AB पर लम्बको नियामक अक्ष मानने पर $(\bar{x}, \bar{y})$ हो तो



$$\bar{x}=\frac{w\times 1+w(2+1\cos 60^\circ)+w(2+1\cos 60^\circ)+w\times 1+w(-1\cos 60^\circ)}{w+w+w+w+w}$$

$$=\tfrac{13}{10}$$

$$\text{तथा } \bar{y}=\frac{w\times 0+w\times 1\sin 60^\circ+w\times 3\sin 60^\circ+w\times 4\sin 60^\circ+w\times 3\sin 60^\circ}{w+w+w+w+w}$$

$$=\tfrac{11}{10}\sqrt{3}$$

अतः A से गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $=\sqrt{\bar{x}^2+\bar{y}^2}=\frac{1}{5}\sqrt{133}$ फ़ीट

११. अनुच्छेद 9.41 के उदाहरण २ के चित्रमें मान लिया शीर्ष A, B, C पर ka, kb, kc भार रखे हैं और AB तथा AB पर लम्ब रेखाएं नियामक अक्ष हैं। यदि कणोंका गुरुत्व केन्द्र $(\bar{x}, \bar{y})$ हो तो

$$\bar{x}=\frac{ka.0+kb.c+kc.b\cos A}{k(a+b+c)}=\frac{bc(1+\cos A)}{a+b+c}$$

$$\text{तथा } \bar{y}=\frac{ka.0+kb.0+kc.b\sin A}{k(a+b+c)}=\frac{bc\sin A}{a+b+c}$$

अतः गुरुत्व केन्द्रकी A से दूरी $=\sqrt{\bar{x}^2+\bar{y}^2}$

$$=\frac{bc}{a+b+c}\sqrt{2+2\cos A}=\frac{2bc\cos A/2}{a+b+c}.$$

१२. मान लिया शीर्ष A, B, C पर P, Q, R भार रखे हैं। चूंकि इन भारोंका परिणामी A से BC पर लम्ब AD के मध्य बिन्दु G से होकर जाता है, इसलिए B तथा C पर रखे भार Q तथा R का परिणामी D से होकर जायगा।



अतः $Q:R=CD:BD=AC\cos C:AB\cos B$

$$=3\times\tfrac{3}{5}:4\times\tfrac{4}{5}=9:16$$

यदि Q+R तथा P का परिणामी G से होकर जाय तो

$$P=Q+R$$

$$\therefore\quad P:Q:R=25:9:16.$$

प्रश्नावली २५. (पृष्ठ १६१-१६३)

१. अनुच्छेद 9.52 से इस पटलका गुरुत्व केन्द्र मध्यिकाओंका कटाव बिन्दु G होगा। BC के मध्य बिन्दु D तथा G से AC पर DE, GF लम्ब खींचा।



समान $\triangle AGF$ तथा $\triangle ADE$ से $\frac{AG}{AD}=\frac{GF}{DE}$

$\therefore \quad GF=\frac{2}{3}.DC \sin C=\frac{2}{3}\times 2\times \frac{3}{5}=\frac{4}{5}$ फ़ुट

२. अनुच्छेद 9.52 से इस त्रिभुजका गुरुत्व केन्द्र मध्यिकाओंके कटान बिन्दु G पर होगा।



$\because \quad AD=\sqrt{7^2-2^2}=3\sqrt{5},$

$\therefore \quad AG=\frac{2}{3}AD=2\sqrt{5}''$ तथा $GD=\frac{1}{3}AD=\sqrt{5}''$

और $BG=\sqrt{2^2+5}=3''$ तथा $GC=\sqrt{2^2+5}=3''$

३. प्रश्न १ की तरह हल कीजिए।

४. मान लिया G समद्विबाहु समलम्ब चतुर्भुज ABCD का गुरुत्व केन्द्र है। यदि $AB=2b=3''$ तथा $CD=2a=6''$ तो अनुच्छेद 9.54 के उदाहरण १ से



$\frac{EG}{FG}=\frac{a+2b}{2a+b}=\frac{3+3}{6+\frac{3}{2}}=\frac{4}{5}, \quad \therefore \quad EG=\frac{4}{9}EF=\frac{8}{9}$ इंच

मान लिया कि तारका गुरुत्व केन्द्र CD से y दूरी पर है। चूंकि भार भुजाओंके मध्य बिन्दुसे कार्य करेंगे और अपनी लम्बाई के अनुपातमें होंगे तथा $AD=BC=\sqrt{2^2+(\frac{3}{2})^2}=\frac{5}{2}$

$$\therefore\ y=\frac{DC\,0+AD.1+BC.1+AB.2}{AB+BC+CD+DA}$$

$$=\frac{\frac{5}{2}+\frac{5}{2}+3+2}{3+\frac{5}{2}+6+\frac{5}{2}}=1\frac{1}{4} \text{ इंच}$$

५. प्रश्न ४ के चित्रमें यदि $AB=a$ तो $CD=2a$. यदि पटलका गुरुत्व केन्द्र G हो तो

$$\frac{GF}{GE}=\frac{2a+\frac{1}{2}a}{a+a}=\frac{5}{4},\quad \therefore\quad GF:GE=5:4$$

६. यदि BC दिये हुए त्रिभुजका आधार A तथा A′ दी हुई सरल रेखा CM पर शीर्षकी दो स्थितियां हैं। यदि D, BC का मध्य बिन्दु तथा G और G′ दोनों स्थितियोंमें त्रिभुजोंके गुरुत्व केन्द्र हों तो



$$DG=\tfrac{1}{3}DA \quad \text{तथा} \quad DG'=\tfrac{1}{3}DA'$$

इसलिए GG′, AA′ के समान्तर है।

अतः गुरुत्व केन्द्रकी निधि दी हुई सरल रेखाके समानान्तर गुरुत्व केन्द्रसे जाती हुई एक सरल रेखा है।

७. प्रश्न ६ की मददसे हल कीजिए।

८. यदि समकोण त्रिभुज CAB को A बिन्दुसे लटकाया जाय तो त्रिभुजका गुरुत्व केन्द्र G, A से ठीक नीचे होगा और रेखा AGD, BC रेखाको समद्विभाजित करेगी। यदि कर्ण उर्ध्वाधरसे α कोण बनाये तो त्रिकोणमितिके प्रमेयसे



$$\sqrt{10} \cot \alpha = \tfrac{1}{2}\sqrt{10} (\cot C - \cot B) = \tfrac{1}{2}\sqrt{10} (3 - \tfrac{1}{3})$$

या $\cot \alpha = \frac{4}{3}$, $\therefore$ $\sin \alpha = \frac{3}{5}$.

९. प्रश्न ४ की तरह हल कीजिए।



१०. यदि $\triangle ABC$ के आधार BC का मध्य बिन्दु D हो तथा बिन्दु A शीर्षकी एक स्थिति है, जबकि $\angle BAC$ का मान स्थायी है।

गुरुत्व केन्द्र G से AB और AC के समानान्तर GE तथा GF रेखाएं खींचो।

अब $\dfrac{DE}{DB}=\dfrac{DG}{DA}$ या $DE=\frac{1}{3}DB$, $\therefore$ E एक नियत बिन्दु है, इसी प्रकार F भी एक नियत बिन्दु है।

चूंकि $\angle EGF=\angle BAC=$स्थायी, इसलिए G की विधि एक वृत्तका चाप है जो कि E तथा F से होकर जायगा।

११. यदि प्रश्न २ के चित्रमें $AB=AC=a$ तथा $BC=b$ तो AB, AC, BC भुजाओंके भार ka, ka, kb भुजाओंके मध्य बिन्दु M, L, D से कार्य करेंगे।

M तथा L पर लगे ka तथा ka भारोंका परिणामी 2ka होगा जोकि AD के मध्य बिन्दु H पर कार्य करेगा।

$$\therefore \quad AH=DH=\tfrac{1}{2}\sqrt{a^2-\tfrac{1}{4}b^2}$$

2ka तथा kb भारोंका परिणामी $k(2a+b)$ होगा, जिसका क्रिया बिन्दु आधार BC से

$$\frac{2ka}{k(2a+b)}.DH=\frac{a\sqrt{a^2-\frac{1}{4}b^2}}{2a+b}$$ दूरी पर होगा।

१२. मान लिया M, BD का मध्य बिन्दु है।

$$\because \quad BE=OD, \quad \therefore \quad OM=ME$$



चतुर्भुज ABCD का गुरुत्व केन्द्र A, B, C, D तथा O पर

स्थित w, w, w, w तथा $-w$ भारोंका गुरुत्व केन्द्र होगा। B, D पर स्थित w, w भारोंका परिणामी 2w, M से होकर जायगा तथा अब M पर स्थित 2w और O पर स्थित $-w$ का परिणामी w, E से होकर जायगा, क्योंकि

$$2W.ME-W.OE=W(2ME-OE)=0$$

अर्थात् E के सापेक्ष दोनों भारोंका घूर्ण शून्य है।

अतः A, B, C, D तथा O पर स्थित w, w, w, w तथा $-w$ भार A, E, C पर स्थित w, w, w भारके समान हैं। परन्तु चूंकि $\triangle AEC$ का गुरुत्व केन्द्र A, E, C पर स्थित w, w, w के भारके गुरुत्व केन्द्र पर है। अतः प्रमेय।

१३. यदि $BC=a$, $AC=b$, $AB=c$ तो भुजाओंके भार ka, kb, kc मध्य बिन्दु D, E, F से कार्य करेंगे। A से AL, BC पर लम्ब खींचा।

यदि BC से गुरुत्व केन्द्रकी दूरी y_1 हो तो

$$y_1=\frac{ka.0+kb.\frac{1}{2}AL+kc.\frac{1}{2}AL}{k(a+b+c)}=\frac{\frac{1}{2}(b+c)}{a+b+c}\cdot AL$$



$$=\frac{\frac{1}{2}(b+c)}{a+b+c}\cdot\frac{2\triangle}{a}=\frac{\triangle}{2s}\cdot\frac{b+c}{a}$$

इसी प्रकार यदि CA तथा AB से गुरुत्व केन्द्रकी दूरी y_2 तथा y_3 हो तो

$$y_2=\frac{\Delta}{2s}\cdot\frac{a+c}{b} \quad \text{तथा} \quad y_3=\frac{\Delta}{2s}\cdot\frac{a+b}{c}$$

$$\therefore \quad y_1:y_2:y_3=\frac{b+c}{a}:\frac{c+a}{b}:\frac{a+b}{c}.$$

१४. चूंकि A, B, C पर p, q, r भार रखनेसे गुरुत्व केन्द्र नहीं बदलता, इसलिए यदि A, B, C पर रखे p, q, r भारोंको भुजाओंके मध्य बिन्दु L, M, N पर भुजाओंके अनुपातीय रखे x, y, z भारोंसे बदल दिया जाय तो

$$\tfrac{1}{2}(y+z)=p, \quad \tfrac{1}{2}(z+x)=q, \quad \tfrac{1}{2}(x+y)=r$$

तथा $x+y+z=p+q+r$



$$\therefore \quad x=q+r-p, \quad y=p+r-q \quad \text{तथा} \quad z=p+q-r$$

परन्तु $\because \quad x:y:z=3k:4k:5k$

$$\therefore \quad q+r-p=3k, \quad p+r-q=4k \quad \text{तथा} \quad p+q-r=5k$$

$$\therefore \quad p:q:r=9:8:7.$$

१५. यदि अनुच्छेद 9.54 के उदाहरण 1 के चित्रमें मान लीजिए

$$AB=a, CD=b \text{ तथा } EF=h$$

यदि EF रेखा पर गुरुत्व G हो तो

$$\frac{EG}{GF}=\frac{\frac{1}{2}a+b}{a+\frac{1}{2}b}=\frac{a+2b}{2a+b}$$

$$\therefore \quad EG = x = \frac{a+2b}{3(a+b)}.h = \frac{h}{3} \cdot \frac{a+2b}{a+b}$$

इसी प्रकार $y = \frac{b}{3} \cdot \frac{2a+b}{a+b}$.

प्रश्नावली २६. (पृष्ठ १६७-१६८)

१. चूंकि गोले एक ही पदार्थके बने हैं, इसलिए इनके भार इनके आयतनके अनुपातमें होंगे। यदि बड़े गोलेके केन्द्रसे गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $\bar{x}$ हो तो

$$\bar{x} = \frac{\frac{4}{3}\pi 6^3 \times 0 + \frac{4}{3}\pi 3^3 \times 9}{\frac{4}{3}\pi 6^3 + \frac{4}{3}\pi 3^3} = 1 \text{ इंच}$$

२. प्रश्नावली २५ के प्रश्न १३ के चित्रको देखिए।

मान लिया कि A पर x औंस भार लटकानेसे गुरुत्व केन्द्र AD के मध्य बिन्दु G_1 पर आ जाता है।

यदि त्रिभुजका गुरुत्व केन्द्र G हो तो

$GD = \frac{1}{3}AD$ तथा $G_1D = \frac{1}{2}AD$, $\therefore \quad GG_1 = \frac{1}{6}AD$

G_1 के सापेक्ष भारोंका घूर्ण लेनेसे

$x.AG_1 = 6.GG_1$ या $x.\frac{1}{2}AD = 6 \times \frac{1}{6}AD$, $\therefore$ $x = 2$ औंस



३. मान लिया ACB तथा ADB दो समद्विबाहु त्रिभुज हैं, जिनमें

$\angle ACB = 60°$ तथा $\angle ADB = 90°$

यदि $AB = 2a$ तो $CE = a\sqrt{3}$ तथा $DE = a$

यदि दोनों त्रिभुजोंका गुरुत्व केन्द्र आधार AB से $\triangle ACB$ की ओर x दूरी पर हो तो

$$x = \frac{\sqrt{3}a^2 . \frac{1}{3}a\sqrt{3} - a^2 . \frac{1}{3}a}{\sqrt{3}a^2 + a^2} = \tfrac{1}{3}(\sqrt{3} - 1)a.$$

४ तथा ५. अनुच्छेद 9.6 के उदाहरण १ की तरह हल कीजिए।

६ तथा ७. प्रश्न ३ की तरह हल कीजिए।

८. मान लिया XOY, O पर समकोण त्रिभुज है तथा $OX = a$.

यदि $\triangle XOY$ तथा भुजा XY, OY, OX पर बने वर्गोंके गुरुत्व केन्द्र क्रमश: G_1, G_2, G_3, G_4 हों तथा OX, OY को नियामक अक्ष लें तो इनके नियामक क्रमश:



$(\frac{1}{3}\sqrt{2}a \cos 45°, \frac{1}{3}\sqrt{2}a \sin 45°)$; $(\sqrt{2}a \cos 45°, \sqrt{2}a \sin 45°)$;

$$\left(-\frac{a}{2}, \frac{a}{2}\right); \left(\frac{a}{2}, -\frac{a}{2}\right) \text{ हैं।}$$

यदि सम्पूर्ण चित्रके गुरुत्व केन्द्रके नियामक $(\bar{x}, \bar{y})$ हों तो

$$\bar{x} = \frac{\frac{1}{2}ka^2 \, \frac{1}{3}a + 2ka^2 . a + ka^2 . -\frac{1}{2}a + ka^2 . \frac{1}{2}a}{\frac{1}{2}ka^2 + 2ka^2 + ka^2 + ka^2} = \tfrac{13}{27}a$$

तथा $\bar{y}=\dfrac{\frac{1}{2}ka^2\,\frac{1}{3}a+2ka^2.a+ka^2.\frac{1}{2}a+ka^2.-\frac{1}{2}a}{\frac{1}{2}ka^2+2ka^2+ka^2+ka^2}=\frac{13}{27}a.$

९. यदि $\triangle ABC$ में $AB=AC=5$ फ़ीट तथा $BC=8$ फ़ीट तो $AD=3$ फ़ीट तथा $AG=\frac{2}{3}\,AD=2$ फ़ीट



यदि A से 10 पौंडका भार लटकानेसे गुरुत्व केन्द्रकी दूरी A से x फ़ुट हो तो

$$x=\frac{10\times 0+5\times 2}{10+5}=\frac{2}{3}\text{ फ़ुट}$$

१०. मान लिया अर्द्धवृत्तकी त्रिज्या a है इसलिए वर्गकी भुजा 2a होगी।



यदि अर्द्धवृत्त तथा वर्गके गुरुत्व केन्द्र G_1 तथा G_2 हों तो

$$OG_1=\frac{4a}{3\pi}\quad\text{तथा}\quad OG_2=a$$

यदि सम्पूर्ण दफ़्तीके टुकड़ेके गुरुत्व केन्द्रकी उभयविष्ट आधार AB से दूरी x हो तो

$$x = \frac{\frac{1}{2}\pi a^2 . \frac{4a}{3\pi} + 4a^2.(-a)}{\frac{1}{2}\pi a^2 + 4a^2} = \frac{-20a}{3(\pi+8)}$$

अतः गुरुत्व केन्द्र उभयनिष्ट आधारके मध्य बिन्दु से वर्गकी ओर $\frac{20a}{3(\pi+8)}$ की दूरी पर होगा।

प्रश्नावली २७. (पृष्ठ १७२-१७४)

१. मान लिया G_1, G तथा G_2 क्रमशः कटे हुए वर्ग EGFC, वर्ग ABCD तथा शेष भाग ABEGFD के गुरुत्व केन्द्र हैं।



यदि AB तथा AD को नियामक अक्ष लें तो G_1, G तथा G_2 के नियामक $(7\frac{1}{2}, 7\frac{1}{2})$; $(5, 5)$ तथा (x, y) होंगे।

$\therefore$ अनुच्छेद 9.71 से $x = \frac{(10)^2 \times 5 - 5^2 \times 7\frac{1}{2}}{10^2 - 5^2} = \frac{25''}{6}$

तथा $y = \frac{(10)^2 \times 5 - 5^2 \times 7\frac{1}{2}}{10^2 - 5^2} = \frac{25''}{6}$

$\therefore$ A से G_2 की दूरी $= \sqrt{(\frac{25}{6})^2 + (\frac{25}{6})^2} = \frac{25}{6}\sqrt{2}$ इंच

२. प्रश्नावली २५ के प्रश्न २ के चित्रमें यदि $BC = a, AD = 8''$, कटे हुए $\triangle AML$ का गुरुत्व केन्द्र G_1, $\triangle ABC$ का G तथा शेष भाग BCLM का G_2 हो तो

$$DG=\tfrac{1}{3}AD=\tfrac{8}{3}'' \text{ तथा } DG_1=DH+HG_1=4+\tfrac{1}{3}\times 4=\tfrac{16}{3}''$$

अनुच्छेद 9.71 से $DG_2=\dfrac{\frac{1}{2}a.8.\frac{8}{3}-\frac{1}{2}\,\frac{1}{2}a.4.\frac{16}{3}}{\frac{1}{2}a.8-\frac{1}{2}.\frac{1}{2}a.4}=1\tfrac{7}{9}$ इंच

३. कटे हुए चतुर्भुज ADCE का गुरुत्व केन्द्र अनुच्छेद 9.55 से उसी बिन्दु पर होगा, जहां पर A, E, C, D, G पर w, w, w, w, −w रखे भारोंका होगा। A तथा C के भारोंका परिणामी 2w, G से होकर जायगा। परन्तु चूंकि G पर −w भार रखा है, इसलिए G पर w भार ही होगा। अब D, G, E पर w, w, w भारोंका गुरुत्व केन्द्र G_1, यदि D से DG_1 दूरी पर हो तो



$$DG_1=\frac{w.0+w\,\frac{1}{2}DB+w.\frac{3}{4}DB}{w+w+w}=\frac{5}{12}\,DB$$

यदि शेष भाग ABCE का गुरुत्व केन्द्र G_2, D से DG_2 दूरी पर हो तथा AB = a तो अनुच्छेद 9.71 से

$$DG_2=\frac{(\text{क्षेत्र } ABCD).DG-(\text{क्षेत्र } ADCE).DG_1}{\text{क्षेत्र } ABCD-\text{क्षेत्र } ADCE}$$

$$=\frac{a^2.\frac{1}{2}DB-\frac{3}{4}a^2.\frac{5}{12}DB}{a^2-\frac{3}{4}a^2}=\tfrac{3}{4}DB$$

अत: G_2, E पर स्थित है।

४. यदि G_1, $\triangle OAB$ का तथा G_2 शेष भागका गुरुत्व केन्द्र हो तो

$$EO=\tfrac{1}{2}a \quad \text{तथा} \quad EG_1=\tfrac{1}{3}.\tfrac{1}{2}a=\tfrac{1}{6}a$$



अनुच्छेद 9.71 से $EG_2=\dfrac{a^2.\frac{1}{2}a-\frac{1}{4}a^2.\frac{1}{6}a}{a^2-\frac{1}{4}a^2}=\frac{11}{18}a$

$$\therefore \quad OG_2=\tfrac{11}{18}a-\tfrac{1}{2}a=\tfrac{1}{9}a.$$

५. प्रश्न ४ की तरह हल कीजिए।

६. अनुच्छेद 9.7 के उदाहरण १ की तरह हल कीजिए।

७. अनुच्छेद 9.7 के उदाहरण २ की मददसे हल कीजिए।

८. यदि G_1, G तथा G_2 कटे हुए $\triangle AEF$, $\triangle ABC$ तथा शेष भाग BCFE के गुरुत्व केन्द्र हों तथा W_1, W क्रमशः $\triangle AEF$ तथा $\triangle ABC$ के भार हों तो



$W_1=\frac{1}{9}W$, $DG=\frac{1}{3}h$ तथा $DG_1=DH+\frac{1}{3}AH=\frac{2}{3}h+\frac{1}{9}h=\frac{7}{9}h$,

(यदि h मध्यगत रेखाकी लम्बाई हो।)

अनुच्छेद 9.71 से

$$DG_2=\frac{W.DG-W_1.DG_1}{W-W_1}=\frac{W.\frac{1}{3}h-\frac{1}{9}W.\frac{7}{9}h}{W-\frac{1}{9}W}=\frac{5}{18}h.$$

९. यदि a वर्गकी भुजा हो तथा G_1, G तथा G_2 काट लिए गये $\triangle AEF$, वर्ग $ABCD$ तथा शेष भाग $EBCDF$ के गुरुत्व केन्द्र हों तो

$$AG_1 = \tfrac{2}{3}.\tfrac{1}{2}a\sin 45^\circ = \tfrac{1}{6}a\sqrt{2}$$



अनुच्छेद 9.71 से

$$AG_2 = \frac{a^2.\frac{1}{2}a\sqrt{2} - \frac{1}{8}a^2.\frac{1}{6}a\sqrt{2}}{a^2 - \frac{1}{8}a^2} = \tfrac{23}{42}a\sqrt{2}$$

$$\therefore \quad GG_2 = \tfrac{23}{42}a\sqrt{2} - \tfrac{1}{2}a\sqrt{2} = \tfrac{1}{21}a\sqrt{2}.$$

१०. आसानीके लिए हमने मान लिया कि दिया हुआ त्रिभुज ABC समद्विबाहु त्रिभुज है। इसका गुरुत्व केन्द्र आधार BC से $\frac{1}{3}.2h = \frac{2}{3}h$ दूरी पर होगा, यदि $2h$, मध्यिका AA' की लम्बाई हो।



यदि कागजको मोड़कर शीर्ष A को आधार पर ले आवें तो $\triangle AEF$ का गुरुत्व केन्द्र G_1, आधार BC से $\frac{2}{3}h$ दूरी पर होगा। समलम्ब चतुर्भुज $BCFE$ का गुरुत्व केन्द्र G_2 आधार BC से $\frac{4}{9}h$ दूरी पर होगा।

यदि इस स्थितिमें गुरुत्व केन्द्र BC से x दूरी पर हो तथा BC = a तो

$$x=\frac{(\text{चतुर्भुज } BCFE).A'G_1+(\triangle A'EF)AG_1}{\text{चतुर्भुज } BCFE+\triangle A'EF}$$

$$=\frac{\frac{3}{4}ah.\frac{4}{9}h+\frac{1}{4}ah.\frac{2}{3}h}{\frac{3}{4}ah+\frac{1}{4}ah}=\frac{1}{2}h$$

जो कि स्पष्टतया पहले गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $\frac{2}{3}h$ का तीन चौथाई है।

११. प्रश्न ६ के चित्रको देखिए।

प्रश्न ६ में हमने ज्ञात किया है कि यदि वर्गकी भुजा a हो तो वर्गके केन्द्र G से भाग EBCDF का केन्द्र $\frac{1}{21}a\sqrt{2}$ दूरी पर है।

यदि A को G पर रख दिया जाय तो $\triangle AFE$, $\triangle GFE$ की स्थिति ग्रहण कर लेगा और अब इसके गुरुत्व केन्द्र G_1 की G से दूरी $\frac{2}{3}.\frac{1}{4}a\sqrt{2}=\frac{1}{6}a\sqrt{2}$ होगी।

यदि इस स्थितिमें टुकड़ेके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी G से x हो तो

$$x=\frac{(\text{क्षेत्र } EBCDF).\frac{1}{21}a\sqrt{2}+(\triangle GFE).(-\frac{1}{6}a\sqrt{2})}{\text{क्षेत्र } EBCDF+\triangle GFE}$$

$$=\frac{\frac{7}{8}a^2.\frac{1}{21}a\sqrt{2}-\frac{1}{8}a^2\,\frac{1}{6}\,a\sqrt{2}}{a^2}=\frac{1}{48}a\sqrt{2}=\frac{1}{48}\times \text{ विकर्ण।}$$

अतः प्रमेय।

१२. मान लिया कि $\triangle ABC$ तथा अन्तर्गत वृत्तके गुरुत्व केन्द्र G तथा G_1 हैं।

$$\because \quad \text{अन्तर्गत वृत्तकी त्रिज्या} = \frac{S}{s}$$

$$\therefore \quad \text{अन्तर्गत वृत्तका क्षेत्रफल} = \pi.\frac{S^2}{s^2}$$

$$\text{तथा शेष भागका क्षेत्रफल} = S-\frac{\pi S^2}{s^2}$$

यदि शेष भागके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी BC से y_2 हो तो



$$y_2 = \frac{S.\frac{1}{3}(\text{लम्ब } AL) - \pi.\frac{S^2}{s^2}\cdot\frac{S}{s}}{S - \pi.\frac{S^2}{s^2}}$$

$$= \frac{S\cdot\frac{1}{3}.\frac{2S}{a} - \pi.\frac{S^3}{s^3}}{S - \pi\frac{S^2}{s^2}} = \frac{S}{3as}\cdot\frac{2s^2 - 3\pi aS}{s^2 - \pi S}.$$

१३. प्रश्न १२ की मददसे हल कीजिए।

१४. यदि $\triangle AEF$ तथा $\triangle ABC$ के भार W_1 तथा W_2 हों तो

$$W_1 : W_2 = AF^2 : AB^2 = \tfrac{1}{4} : 1$$

यदि चतुर्भुज EFBC का गुरुत्व केन्द्र G_2 हो तथा $AD = h$ तो

$$DG_2 = \frac{W_2.DG - W_1.DG_1}{W_2 - W_1} = \frac{4W_1.\frac{1}{3}h - W_1.\frac{2}{3}h}{4W_1 - W_1} = \tfrac{2}{9}h$$

$$\therefore\quad HG_2 = \tfrac{1}{2}h - \tfrac{2}{9}h = \tfrac{5}{18}h,\quad \therefore\quad HG_2 : DG_2 = 5 : 4.$$



१५. यदि तश्तरीके केन्द्रसे शेष भागके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी x हो तो

$$x = \frac{25\times 0 - 9\times 18}{25-9} = -10\tfrac{1}{8} \text{ इंच}$$

अर्थात् वृत्तके दूसरी ओर तश्तरीके केन्द्रसे $10\frac{1}{8}$ इंचकी दूरी पर।

१६. प्रथम भाग प्रश्न १४ की तरह हल कीजिए।



यदि $\triangle$ADC तथा चतुर्भुज CFEA के गुरुत्व केन्द्र G_2 तथा G_1 हों तो $OG_2 = \frac{1}{3}OD = \frac{1}{3}OB$ तथा प्रश्नके प्रथम भाग से

$$OG_1 = \tfrac{2}{9}\,OB$$

यदि ADCFE का गुरुत्व केन्द्र O हो तो O के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$\tfrac{1}{2}W_1 \cdot \tfrac{1}{3}OB = \tfrac{3}{4}W \cdot \tfrac{2}{9}OB, \quad \therefore \quad W = 2W_1.$$

१७. माना कि G तथा G_1 वर्ग ABCD तथा CHEK के गुरुत्व

केन्द्र हैं, यदि ABKEHD का गुरुत्व केन्द्र E हो तो G के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$$(a^2-x^2)EG=x^2(\tfrac{1}{2}x\sqrt{2}-EG), \quad \therefore \ EG=\frac{x^3\sqrt{2}}{2a^2}$$

$$\because \quad EG=AG-AE=\tfrac{1}{2}a\sqrt{2}-(a-x)\sqrt{2}=2\sqrt{2}(2x-a)$$

$$\therefore \quad x=\tfrac{1}{2}(\sqrt{5}-1)a.$$

१८. यदि छेदके केन्द्रकी दूरी तश्तरीके केन्द्रसे x इंच हो तो

$$2=\frac{\pi.3^2.0-\pi.1^2.x}{\pi.3^2-\pi.1^2}=\frac{x}{8}, \quad \therefore \quad x=16 \text{ इंच}$$

१९. समान $\triangle$ADE तथा $\triangle$ABC से



$$\frac{DE}{BC}=\frac{AL}{AM}=\frac{b}{a}, \quad \therefore \ DE=\frac{b}{a}.BC$$

$\triangle$ABC का क्षेत्रफल $=\tfrac{1}{2}$BC.a

तथा BC से इसके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $=\frac{1}{3}a$

$\triangle ADE$ का क्षेत्रफल

$$=\tfrac{1}{2}DE.b=\tfrac{1}{2}.\frac{b}{a}.BC.b=\tfrac{1}{2}.\frac{b^2}{a}.BC$$

तथा BC से इसके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $=(a-b)+\frac{1}{3}b=a-\frac{2}{3}b$

यदि क्षेत्र BCED के गुरुत्व केन्द्रकी दूरी BC से x हो तो

$$x=\frac{\tfrac{1}{2}BC.a.\tfrac{1}{3}a-\tfrac{1}{2}.\frac{b^2}{a}.BC(a-\tfrac{2}{3}b)}{\tfrac{1}{2}BC.a-\tfrac{1}{2}.\frac{b^2}{a}.BC}=\frac{a^2+ab-2b^2}{3(a+b)}.$$

२०. तश्तरीका क्षेत्रफल $=\pi(12)^2=144\pi$

कटे हुए वृत्तोंका क्षेत्रफल $=2\pi(2)^2=8\pi$

$\therefore$ शेष भागका क्षेत्रफल $=144\pi-8\pi=136\pi$



8π के अनुपातीय भार AB के मध्य बिन्दु G से कार्य करेगा तथा यदि 136π के अनुपातीय भार G_2 पर कार्य करे तो G के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे

$$-136\pi GG_2=8\pi GG_1$$

$$\therefore \quad GG_2=\frac{8}{136}\times6\times\frac{1}{\sqrt{2}}=\cdot25 \text{ इञ्च}$$

प्रश्नावली २८. (पृष्ठ १७७)

१. प्रश्नावली २६ के प्रश्न ६ के चित्रको देखिए।

अनुच्छेद 9.8 से त्रिभुज ABC का गुरुत्व केन्द्र A से खींचे गये उर्ध्वाधर पर होगा, अतः यदि आधार BC क्षैतिज है तो

$$\angle ADB=\angle ADC=90^\circ \quad \text{तथा} \quad BD=CD$$

$$\therefore \quad AB=AC, \text{ अतः प्रमेय।}$$

२. सन्तुलनकी अवस्थामें B से खींचा गया उर्ध्वाधर G से होकर आयगा



$\triangle GBD$ से $GD=BD\cot\theta$ ....(1)

$\triangle ABD$ से $AD=BD\tan\phi$

परन्तु $GD=\frac{1}{3}AD$, $\therefore$ $GD=\frac{1}{3}BD\tan\phi$ ......(ii)

$\therefore$ (i) तथा (ii) से $\theta=\cot^{-1}(\frac{1}{3}\tan\phi)$.

३. मान लिया B पर X भार रखनेसे BC क्षैतिज रहती है। समान $\triangle AGF$ तथा $\triangle ADE$ से

$$\frac{GF}{DE}=\frac{AG}{AD}=\frac{2}{3}, \quad \therefore \quad GF=\frac{2}{3}DE$$



परन्तु $DE = DB - EB = \frac{5}{3} - 1 = \frac{2}{3}$, $\therefore \quad GF = \frac{3}{2} \cdot \frac{2}{3} = 1$

A के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे $W.GF = x.EB$, $\therefore \quad x = W$.

अतः B पर W भार और रखना चाहिए।

४. मान लिया बड़ी भुजा AB उर्ध्वाधरसे θ कोण बनाती है। त्रिकोणमितिके प्रमेयसे



$$AB \cot \theta = AD \cot B - BD \cot A = \tfrac{1}{2} AB\left(\tfrac{4}{3} - \tfrac{3}{4}\right)$$
$$\therefore \quad \theta = \cot^{-1}\left(\tfrac{7}{24}\right).$$

५. मान लिया बड़ी भुजा AC उर्ध्वाधरसे θ कोण बनाती है। भुजाओंके भार अपने लम्बाइयोंके अनुपातमें होंगे,

अतः $\dfrac{W_1}{W_2} = \dfrac{AC}{BC} = \frac{3}{2}$

चूंकि तार AB, C के सापेक्ष सन्तुलित होता है, अतः C के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$W_1 . 3 \sin\theta = W_2 . 2 \cos\theta$, $\therefore \tan\theta = \frac{W_2}{W_1} \cdot \frac{2}{3} = \frac{4}{9}$

अतः बड़ी भुजा उर्ध्वाधरसे $\tan^{-1}(\frac{4}{9})$ का कोण बनाएगी।

६. मान लिया कि DA के बिन्दु Q से छड़को लटकानेसे तीनों भुजाएं क्षैतिजसे समान कोण β बनाती हैं।



E तथा F पर लगे भारोंका परिणामी 2w होगा, जो कि DB की दिशामें कार्य करेगा। अब G पर लगे w तथा DB की दिशामें लगे 2w का परिणामी बिन्दु H पर कार्य करेगा, जहां $HI = \frac{1}{3}GI$.

समान त्रिभुजों GDI और GBH से $\frac{HI}{GI} = \frac{1}{3} = \frac{QD}{GD}$

अतः $QD = \frac{1}{3}GD = \frac{1}{6}a$, यदि a वर्गकी भुजा हो।

इसी प्रकार C से CB पर $\frac{1}{6}$a की दूरी पर के बिन्दुसे वर्गको लटकानेसे सभी भुजाए क्षैतिजसे समान कोण बनावेंगी।

७ सन्तुलनके लिए OA तथा OB के भारोंके परिणामीको D से होकर जाना चाहिए, जहां AD, रेखा OB पर A से खीचा गया लम्ब है। चूंकि OB क्षैतिज है, अतः D के सापेक्ष घूर्ण लेनेसे



$$kb.DG_2 = ka.AG\cos\alpha$$

$$kb.(\tfrac{1}{2}b - a\cos\alpha) = ka.\tfrac{1}{2}a\cos\alpha, \quad \therefore \quad \cos\alpha = \frac{b^2}{a(a+2b)}.$$

प्रश्नावली २९. (पृष्ठ १८६)

१. यदि केन्द्रसे गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $\bar{x}$ हो तो

$$\bar{x} = \frac{\frac{2}{3}\pi b^3.\frac{3}{8}b - \frac{2}{3}a^3.\frac{3}{8}a}{\frac{2}{3}\pi b^3 - \frac{2}{3}\pi a^3} = \frac{3}{8}\,\frac{(a+b)(a^2+b^2)}{a^2+ab+b^2}.$$

२. यदि A, B, C क्रमशः दिये हुए गोलोंके केन्द्र हों तो

$$AB : BC : CA = 3 : 5 : 4, \text{ अर्थात् } \angle CAB = 90^\circ.$$

यदि सम्पूर्ण संघके गुरुत्व केन्द्रके नियामक AB तथा AC को नियामक अक्ष मानकर ($\bar{x}$ $\bar{y}$) हों तो

$$\bar{x} = \frac{\frac{4}{3}\pi.1^3.0 + \frac{4}{3}\pi.2^3.3 + \frac{4}{3}\pi.3^3.0}{\frac{4}{3}\pi(1^3+2^3+3^3)} = \frac{2}{3}$$

तथा $\bar{y}=\dfrac{\frac{4}{3}\pi.1^3.0+\frac{4}{3}\pi.2^3.0+\frac{4}{3}\pi.3^3\,4}{\frac{4}{3}\pi(1^3+2^3+3^3)}=3$



अतः A से गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $=\sqrt{3^2+(\frac{2}{3})^2}=\frac{1}{3}\sqrt{85}$ इंच

३. यदि अनुच्छेद 9.93 के उदाहरण 2 के चित्रमें DE = 30 फ़ीट, AB = 16 फ़ीट तथा CD = 20 फ़ीट हो तो शंकुकी ऊंचाई

$$BC=\sqrt{CD^2-DB^2}=\sqrt{(20)^2-(15)^2}=5\sqrt{7}\text{ फ़ीट}$$

यदि सम्पूर्णका गुरुत्व केन्द्र आधारसे x फ़ीट हो तो

$$\bar{x}=\frac{\pi.15^2\times16\times8+\frac{1}{3}\pi.15^2\times5\sqrt{7}\times(16+\frac{1}{4}\times5\sqrt{7})}{\pi.15^2\times16+\frac{1}{3}\pi.15^2\times5\sqrt{7}}$$

$=10.46$ फ़ीट

४. सम्पूर्ण शंकुका आयतन $=\frac{1}{3}\pi r^2h=\frac{1}{3}\pi h^3\tan^2\alpha$

कटे हुए शंकुका आयतन $=\frac{1}{3}\pi(\frac{1}{2}h\tan\alpha)^2.\frac{1}{2}h=\frac{1}{24}\pi h^3\tan^2\alpha$

यदि शेष भागके गुरुत्व केन्द्रकी दूरी सम्पूर्ण शंकुके आधारसे $\bar{x}$ हो तो

$$\bar{x}=\frac{\frac{1}{3}\pi h^3\tan^2\alpha.\frac{1}{4}h-\frac{1}{24}\pi h^3\tan^2\alpha.(\frac{1}{2}h+\frac{1}{4}.\frac{1}{2}h)}{\frac{1}{3}\pi h^3\tan^2\alpha-\frac{1}{24}\pi h^3\tan^2\alpha}=\frac{11}{56}h.$$

५. गोलेकी त्रिज्या $=\dfrac{\Delta}{s}=\dfrac{BD.AD}{\frac{1}{2}(AB+AC+BC)}$

$$=\frac{r.h}{\frac{1}{2}(h\sec 30^\circ+h\sec 30^\circ+2h\tan 30^\circ)}$$

$$=\frac{h^2\tan 30^\circ}{h(\sec 30^\circ+\tan 30^\circ)}=\frac{1}{3}h$$



यदि गोलेको निकालनेके बाद आधारसे शेष शंकुका गुरुत्व केन्द्र $\bar{x}$ दूर हो तो

$$\bar{x}=\frac{\frac{1}{3}\pi h^3\tan^2 30^\circ.\frac{1}{4}h-\frac{4}{3}\pi.\frac{1}{27}h^3.\frac{1}{3}h}{\frac{1}{3}\pi h^3\tan^2 30^\circ-\frac{4}{3}\pi.\frac{1}{27}h^3}=\frac{11}{60}h$$

$\therefore$ शंकुके शीर्षसे गुरुत्व केन्द्रकी दूरी $=h-\frac{11}{60}h=\frac{49}{60}h$

अतः गुरुत्व केन्द्र अक्षको 11 : 49 के अनुपातमें विभाजित करेगा।

प्रश्नावली ३०. (पृष्ठ १९२)

१. अनुच्छेद 10.5 से न्यूनतम बलका मान

$=W\sin\lambda=100\sin 30^\circ=50$ पौंड

२. सन्तुलनके लिए घर्षण बलका मान क्षैतिज बलके मान 12 पौंड के बराबर होगा तथा यह क्षैतिज बलके विपरीत दिशामें होगा।

सम्पूर्ण निरोध $=\sqrt{F^2+R^2}=\sqrt{(12)^2+(30)^2}=6\sqrt{29}$ पौंड तथा उर्ध्वाधरसे $\tan^{-1}(\frac{12}{30})$ अर्थात् $\tan^{-1}(\frac{2}{5})$ के कोणमें।

३. सन्तुलनके लिए घर्षण बल = लगाये हुए बलका क्षैतिज अवयव

$= 30 \cos 60° = 15$ पौंड

प्रश्नावली ३१. (पृष्ठ १९३)

१. अनुच्छेद 10.6 से घर्षण गुणक $\mu = \tan \alpha = \tan 30° = 1/\sqrt{3}$
तथा प्रतिक्रिया $R = W \cos \alpha = 4 \cos 30° = 2\sqrt{3}$ पौंड

२. अनुच्छेद 10.6 से धरातलकी प्रतिक्रिया

$R = W \cos \alpha = 20 \cos 60° = 10$ पौंड

तथा घर्षण बल $\mu R = W \sin \alpha = 20 \sin 60° = 10\sqrt{3}$ पौंड

प्रश्नावली ३२. (पृष्ठ १९६)

१. अनुच्छेद 10.7 की द्वितीय स्थितिसे न्यूनतम बल

$= 10 \sin(\lambda - \alpha) = 10 \sin(45° - 15°) = 5$ पौंड

२. अनुच्छेद 10.7 की द्वितीय स्थितिसे न्यूनतम बल

$= 60 \sin(\lambda - \alpha) = 60 \sin(\lambda - 30°)$

$= 60(\sin \lambda \cos 30° - \cos \lambda \sin 30°)$

$= 60\left(\frac{1}{\sqrt{3}} \cdot \frac{\sqrt{3}}{2} - \frac{\sqrt{2}}{\sqrt{3}} \cdot \frac{1}{2}\right),$

[$\because$ $\mu = \tan \lambda = \frac{1}{\sqrt{2}}$, $\therefore$ $\sin \lambda = \frac{1}{\sqrt{3}}$ और $\cos \lambda = \sqrt{\frac{2}{3}}$]

$= 10(3 - \sqrt{6})$ पौंड

३. अनुच्छेद 10.7 की प्रथम स्थितिसे न्यूनतम बल

$= 60 \sin(\alpha + \lambda) = 60 \sin(45° + 30°),$

[$\because$ $\mu = \tan \lambda = \frac{1}{\sqrt{3}}$, $\therefore$ $\lambda = 30°$]

$= 15\sqrt{2}(\sqrt{3} + 1)$ पौंड

प्रश्नावली ३३. (पृष्ठ १९९-२०१)

१. मान लिया कि तलका झुकाव α है।
चूंकि भार W सीमान्त सन्तुलनमें है, इसलिए



$$\mu = \tan \alpha \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots \text{(i)}$$

बलोंको OA तथा OA के लम्बके अनुगत विश्लेषित करनेसे

$$\mu R + W \sin \alpha = P \cos \alpha \quad \ldots\ldots\ldots\ldots \text{(ii)}$$

तथा $R = W \cos \alpha + P \sin \alpha \quad \ldots\ldots\ldots\ldots \text{(iii)}$

अत: (i), (ii) तथा (iii) से $P = W \tan 2\alpha$.

२. प्रश्न १ की तरह हल कीजिए।

३. चूंकि पिंड आनत तल पर $30°$ के झुकावकी स्थितिमें सी सन्तुलनमें है,



$$\therefore \quad \mu = \tan 30° = \frac{1}{\sqrt{3}}$$

यदि तलका झुकाव $\alpha = 60°$, पिंडका भार $W = 4$ पौंड तथा

समानान्तर आवश्यक बल P हो तो सन्तुलनकी स्थितिमें तलके अनुगत तथा लम्ब दिशामें बलोंका विश्लेषण करनेसे

$$P+\mu R=4 \sin 60^\circ \quad \text{तथा} \quad R=4 \cos 60^\circ$$

इन दोनों समीकरणोंसे $P=\frac{4}{3}\sqrt{3}$ पौंड

४. प्रश्न ३ के चित्रमें यदि तलका आधार BC=4 फ़ीट, ऊंचाई AC=3 फ़ीट, पिंडका भार W=20 पौंड तथा बल P=8 पौंड हो तो चूंकि पिंड सन्तुलनमें है, इसलिए

$$\mu R+8=20 \sin \alpha \quad \text{.......................(i)}$$

तथा $R=20 \cos \alpha$ ....(ii)

R, sin α तथा cos α का मान (i) में रखनेसे $\mu=\frac{1}{2}$.

५. अनुच्छेद 10 8 के उदाहरण १ की मददसे हल कीजिए।

६. 14 पौंडके पिंडकी प्रवृत्ति नीचेकी ओर फिसलनेकी है, अतः घर्षण बल ऊपरकी ओर कार्य करेगा।

प्रश्न ३ के चित्रमें यदि W=14 पौंड, P=7 पौंड तथा α=60° हो तो चूंकि पिंड सन्तुलनमें है, इसलिए

$$7+\mu R=14 \sin 60^\circ \quad \text{तथा} \quad R=14 \cos 60^\circ$$

इन दोनों समीकरणोंसे $\mu=(\sqrt{3}-1)$.

७. मान लिया तलका झुकाव α है, इसलिए



$$\tan \alpha=\frac{3}{4} \quad \text{.........................(i)}$$

चूंकि पिंड (जिसका भार W है), क्षैतिज बल $P=\frac{1}{2}W$ से सधा हुआ है, इसलिए घर्षण बल ऊपरकी ओर कार्य करेगा। यदि पिंड सन्तुलन में हो तो

$$\mu R + \tfrac{1}{2}W\cos\alpha = W\sin\alpha \;\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(ii)$$

तथा $R = W\cos\alpha + \tfrac{1}{2}W\sin\alpha \;\ldots\ldots\ldots\ldots\;(iii)$

अतः (i), (ii) तथा (iii) से $\mu = \frac{2}{11}$.

८. यदि तलकी लम्बकीय प्रतिक्रिया R हो तो घर्षण बल $= \mu R$, जहां μ घर्षण गुणक है।

अतः सम्पूर्ण प्रतिरोधी क्रिया $= \sqrt{R^2 + \mu^2 R^2} = R\sqrt{1+\mu^2}$

$$= R\sqrt{1+\tan^2\lambda} = R\sec\lambda,$$

(चूंकि पिंड सीमान्त सन्तुलनमें है, इसलिए $\mu = \tan\lambda$).

९. जब तख्ता क्षैतिज है तब भार पर लगे बलोंका दो लम्ब दिशाओं में विश्लेषण करनेसे



$\mu R = 3$ तथा $R = 6$, $\therefore \mu = \frac{1}{2} \;\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(i)$

मान लिया कि तख्तेका क्षैतिजके साथ α झुकाव करनेसे पिंड नीचे की ओर फिसलनेकी स्थितिमें हो जाता है अतः घर्षण बल μR ऊपरकी ओर कार्य करेगा। चूंकि पिंड सन्तुलनमें है, इसलिए

$$\mu R + 3 = 6\sin\alpha \;\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(ii)$$

तथा $R = 6\cos\alpha \;\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\ldots(iii)$

अतः (i), (ii) तथा (iii) से $\alpha = \tan^{-1}(\frac{4}{3})$.

१०. मान लिया तल पर स्थित रुक्ष पिंडोंके भार W_1 तथा W_2 हैं। यदि उस समय तलका झुकाव α हो जब कि दोनों पिंड सीमान्त सन्तुलनमें हों तो तलके अनुगत तथा लम्ब दिशाओंमें बलोंका विश्लेषण करनेसे

$T + \mu R = W_1\sin\alpha$ तथा $R = W_1\cos\alpha \;\ldots\ldots\ldots\ldots(i)$

और $\mu' R' = W_2 \sin \alpha + T$ तथा $R' = W_2 \cos \alpha$ ....(ii)



$\therefore$ (i) तथा (ii) से $\alpha = \tan^{-1}\left(\dfrac{\mu W_1 + \mu' W_2}{W_1 + W_2}\right)$.

११. प्रथम स्थितिमें भार सीमान्त सन्तुलनमें ग्रावत तल पर स्थित है, इसलिए

$$\mu = \tan \alpha \text{ ....(i)}$$

द्वितीय स्थितिमें भार W, बल W के लगानेसे ऊपरकी ओर फिसलने की स्थितिमें हो जाता है, अतः घर्षण बल μR नीचेकी ओर कार्य करेगा। चूंकि भार तल पर सन्तुलनमें है, इसलिए



$\mu R + W \sin \alpha = W$ ....(ii)

तथा $R = W \cos \alpha$ ....(iii)

अतः (i), (ii) तथा (iii) से $\alpha = 30^\circ$ तथा $\mu = 1/\sqrt{3}$.

१२. मान लिया कि कण गोलेके पृष्ठ पर बिन्दु P पर स्थित है। बिन्दु P की प्रतिक्रिया R केन्द्र O से होकर जायगी।

कणकी ऊंचाई अधिकतम तब होगी, जब कि यह सीमान्त सन्तुलनमें

होगा तथा घर्षण बल μR के बराबर होगा। घर्षण बल, P पर खींची गई स्पर्श रेखाके अनुगत ऊपरकी ओर कार्य करेगा।



यदि स्पर्श रेखा क्षैतिजसे θ कोण बनाती हो तो स्पर्श रेखा और उसके लम्बकी दिशामें बलोंका विश्लेषण करनेसे

$$\mu R = W \sin\theta \quad \text{तथा} \quad R = W\cos\theta$$

$$\therefore \quad \mu = \tan\theta = 1/\sqrt{3} \quad \text{या} \quad \theta = 30^\circ$$

कणकी ऊंचाई $= AL = AO - OL = a - a\cos\theta = \frac{1}{2}(2-\sqrt{3})a.$

१३. मान लिया कि पिंडका भार W है। चूंकि कण सीमान्त सन्तुलनमें है, इसलिए घर्षण बल μR के बराबर होगा तथा यह P पर खींची गई स्पर्श रेखाके अनुगत ऊपरकी ओर कार्य करेगा।



स्पर्श रेखाके अनुगत तथा लम्ब दिशामें बलोंका विश्लेषण करनेसे

$$\mu R = W\sin\alpha \quad \text{तथा} \quad R = W\cos\alpha \quad \text{अत:} \ \tan\alpha = \mu.$$

१४. प्रश्न १२ की मददसे हल कीजिए।

१५. मान लिया कि छल्लको P पर स्थिर रखनेके लिए न्यूनतम क्षैतिज बल F आवश्यक है। चूंकि बल न्यूनतम है, इसलिए छल्लेकी प्रवृत्ति नीचेकी ओर फिसलनेको होगी, अत: घर्षण बल μR, P पर खीची गई स्पर्श रेखाके अनुगत ऊपरकी ओर होगा। बलोंका क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर दिशामें विश्लेषण करनेसे



$F+\mu R \cos\theta = R \sin\theta$ ....(i)

तथा $\mu R \sin\theta + R \cos\theta = W$ ....(ii)

परन्तु चूंकि घर्षण कोण λ है, इसलिए

$\mu = \tan\lambda$ ....(iii)

अत: (i), (ii) तथा (iii) से $F = W \tan(\theta - \lambda)$.

प्रश्नावली ३४. (पृष्ठ २०७-२११)

१, २ तथा ३. अनुच्छेद 10.9 के उदाहरण १ की मददसे हल कीजिए।

४. मान लिया कि सीढ़ीको दीवारकी ओर खींचनेके लिए न्यूनतम क्षैतिज बल P है।

बलोंका उर्ध्वाधर तथा क्षैतिज दिशाओंमें विश्लेषण करनेसे

$W + \frac{1}{2}S = R$ ....(i)

तथा $S + \frac{1}{2}R = P$ ....(ii)

A के सापेक्ष घूर्ण लनेसे

$$W.AG \cos 45° + \tfrac{3}{4}S.2AG \cos 45° = S.2AG \sin 45°$$



या $S = 2W$ ....(iii)

$\therefore$ (i), (ii) तथा (iii) से $P = \frac{31}{8}W$.

५. मान लिया सीढ़ीका क्षितिजसे झुकाव α है।
बलोंका क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर दिशामें विश्लेषण करनेसे



$\frac{3}{7}R = S$ ....(i)

तथा $R + \frac{1}{3}S = W$ ....(ii)

A के सापेक्ष घूर्ण लेनसे

$W.AG \cos \alpha = \frac{1}{3}S.2AG \cos \alpha + S.2AG \sin \alpha$ ......(iii)

$\therefore$ (i), (ii) तथा (iii) से $\alpha = 45°$.

६ तथा ७. प्रश्न ५ की तरह हल कीजिए।

८. प्रश्न ७ के अनुसार $\tan\theta = \frac{1-\mu_1\mu_2}{2\mu_1}$

परन्तु यहां पर $\mu_1 = \tan\lambda'$ तथा $\mu_2 = \tan\lambda$

$$\therefore \quad \tan\theta = \frac{1-\tan\lambda'.\tan\lambda}{2\tan\lambda'} = \frac{\cos(\lambda+\lambda')}{2\sin\lambda'\cos\lambda}.$$

९. प्रश्न ५ की तरह हल कीजिए।

१०. प्रश्न ४ की तरह हल कीजिए।

११. मान लिया कि आदमीके P तक पहुंचनेसे सीढ़ी सीमान्त सन्तुलनमें आ जाती है।

बलोंका क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर दिशामें विश्लेषण करनेसे



$$\tfrac{3}{4}R = S \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\text{(i)}$$

$$\text{तथा} \quad 2W = R \quad \ldots\ldots\ldots\text{(ii)}$$

यदि $AP = x$ हो तो A के सापेक्ष घूर्ण लेनसे

$$W.\tfrac{1}{2}AB\cos 45° + W.x\cos 45° = S.AB\sin 45° \quad \ldots\ldots\text{(iii)}$$

$\therefore$ (i), (ii) तथा (iii) से $x = AB$,

अर्थात् आदमी सीढ़ीके ऊपरी सिरे पर पहुंच सकता है।

१२. मान लिया कि घर्षण गुणक μ, सीढ़ीका भार W तथा आदमी का भार W' है।

क्षैतिज तथा उर्ध्वाधर दिशामें बलोंका विश्लेषण करनेसे

$$S = \mu R \quad \ldots\ldots\ldots\ldots\ldots\text{(i)}$$

तथा $R = W + W'$ ....(ii)

A के सापेक्ष घूर्णं लेनेसे


